## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 19.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- रांची में भारतीय सेना का तीन दिवसीय इस्ट टेक सिम्पोजियम जारी, राज्यपाल ने नवाचार पर दिया जोर, मुख्यमंत्री ने रक्षा क्षेत्र के उद्योगों को हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा।
- राज्य सरकार ने तीस आइपीएस अधिकारियों का किया तबादला, डीजीपी अनुराग गुप्ता से एसीबी और सीआईडी का प्रभार लिया गया वापस।
- प्रदेश भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत आज रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ नमो पार्क का करेंगे उद्घाटन, मां और पर्यावरण को समर्पित होगा यह पार्क।
- दुर्गा पूजा महोत्सव के सफल और सुरक्षित आयोजन के लिए राज्य सरकार गंभीर, मुख्य सचिव ने आज शाम बुलायी उच्चस्तरीय बैठक।
- रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के दो स्वंयसेवकों को राष्ट्रपति करेंगी पुरस्कृत, सेवा कार्य और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए किया गया है चयन।

*****************

सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेन्स मैन्युफैक्चरर्स के सहयोग से भारतीय सेना की पूर्वी कमान की ओर से प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी ईस्ट टेक का चौथा संस्करण रांची में जारी है। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज संयुक्त रुप से उद्घाटन किया। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सीडीएस जनरल अनिल चौहान समेत सेना के कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने रक्षा क्षेत्र में नवाचार पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में राज्य में रक्षा सेक्टर को बढ़ावा देने को भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में रक्षा क्षेत्र के उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं।

*****************

राज्य सरकार ने 30 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। राज्य सरकार ने डीजीपी पद पर पदस्थापित अनुराग गुप्ता को सीआईडी और एसीबी के प्रभार से मुक्त कर दिया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम एसपी के पद पर पदस्थापित राकेश रंजन को रांची का नया एसएसपी बनाया है। वहीं, वायरलेस डीजी प्रशांत सिंह को डीजी मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि जैप एडीजी के पद पर पदस्थापित प्रिया दुबे को एसीबी का एडीजी बनाया गया है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, सेवा और सुशासन के मंत्र से अभिप्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज महिला सशक्तीकरण के लिये मोदी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जा रहा है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर प्रदेश भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत आज रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रांची के कांके रोड स्थित गांधीनगर में एक बगिया मां के नाम–नमो पार्क का उदघाटन करेंगे। यह पार्क मां और पर्यावरण को समर्पित होगा।

*****************

इधर, राज्य में दुर्गा पूजा महोत्सव के सफल और सुरक्षित आयोजन के लिए सरकार ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता आज शाम 5 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई गई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य भर में कानून–व्यवस्था बनाए रखने और आवश्यक सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करना है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी बीमा कराएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए केवल एक रुपये का टोकन प्रीमियम जमा करना होगा।

*****************

वस्तु और सेवा कर की नई दरें सोमवार 22 सितम्बर से लागू हो रही हैं। नई दरों के लागू होने के बाद झारखंड में इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर में सबसे ज्यादा उछाल आने की उम्मीद जताई जा रही है। चतरा में कार और मोटर बाइक विक्रेता गाड़ियों की बुकिंग से आश्वन्वित हैं।

*****************

हजारीबाग में स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन हो रहा है।

*****************

भारतीय शेयर बाजार का सेंसेक्स 344 अंक की गिरावट के साथ 82 हजार 669 पर और निफ्टी 103 अंक की गिरावट के साथ 25 हजार 319 पर कारोबार कर रहे थे।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 2 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 35 हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना –एनएसएस इकाई के दो स्वयंसेवक डोरंडा कॉलेज के दिवाकर आनंद और रांची वीमेंस कॉलेज की दीक्षा कुमारी को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इनके सामाजिक कार्यों, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना को देखते हुए केन्द्र सरकार ने उन्हें इस उच्च सम्मान से नवाजने का निर्णय लिया है। यह पहली बार है जब एक ही विश्वविद्यालय से दो स्वयंसेवकों का चयन राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए किया गया है।

*****************